तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025


11 शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों ...


12 पुलिस कार्रवाई में नदी में कूदे युवक का शव मिला



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# कलेक्टर के निरीक्षण में कई अधिकारी-कर्मचारी मिले गायब, कारण बताओ नोटिस जारी

**जिला खनिज, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, जिला कोषालय, जिला आबकारी, सहायक खाद्य अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी, खनिज शाखा, समग्र शिक्षा सहित आधा दर्जन कार्यालयों में अधिकारी–कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए सभी के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर मिश्रा सुबह 10 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों में पहुंची। इस दौरान जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अनुराग त्रिवेदी, जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद भारद्वाज, जिला आबकारी अधिकारी योगेश्वर कुमार द्विवेदी, सहायक खाद्य अधिकारी श्रद्धा दिल्लीवार सहित जिला कोषालय अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 2 टिकेश्वर निषाद, गिरधर, फगवाराम एवं भृत्य द्रोपदी बाई सोनसर्वे के अलावा खाद्य अधिकारी कार्यालय में पदस्थ दिनेश मण्डावी मौके पर अनुपस्थित पाए गए।

कलेक्टर मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित उन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर इन सभी अधिकारी–कर्मचारियों का 1 दिन का वेतन कटौती करते हुए इनके विरूद्ध ▶▶|शेष पेज 10 पर



### साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए



इस दौरान उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को कार्यालय में टेबल, कुर्सी के अलावा दस्तावेज आदि को व्यवस्थित कर कार्यालय के गरिमा के अनुरूप बेहतर एवं सुव्यवस्थित स्वरूप में रख–रखाव सुनिश्चित करने कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को अपने–अपने कार्यालयों में साफ–सफाई की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर मिश्रा ने अपने–अपने कार्यालयों के अलावा कार्यालय के सामने स्थित बरामदे की भी नियमित रूप से साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने बरामदे एवं कक्ष आदि में हरे–भरे गमले इत्यादि रखवाने के भी निर्देश दिए।

# शिक्षक का स्थानांतरण रद्द कराने के लिए छात्रों ने किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- नाराज छात्रों और पालकों ने स्कूल गेट में जड़ा ताला, अधिकारियों की समझाइश पर भी नहीं माने

कुसुमटोला गांव के मिडिल स्कूल के अतिशेष शिक्षक के युक्तियुक्तकारण के तहत दूसरे स्कूल भेजे जाने से नाराज छात्रों और पालकों ने मिलकर शुक्रवार को स्कूल के गेट में ताला जड़ दिया। तालाबंदी की सूचना मिलने के बाद तहसीलदार देवेंद्र नेताम, बीआरसी सच्चिदानंद शर्मा गांव पहुंच कर स्कूल का ताला खुलवाया और बच्चों तथा बालकों को उक्त शिक्षक का ट्रांसफर शासन के नियम के तहत होने का हवाला दिया। उसके उपरांत भी बच्चे क्लास के अंदर नहीं गए और स्कूल के सामने ही बरसते पानी में धरना प्रदर्शन पर बैठकर शिक्षक को वापस लाने की मांग करने लगे। कुसुमटोला मिडिल स्कूल के शिक्षक दिनेश मेश्राम का युक्तियुक्तकरण के तहत मानपुर ब्लॉक में ट्रांसफर हुआ है।



कुसुमटोला स्कूल में तालाबंदी घटना की जानकारी मिलने पर जनपद पंचायत डौंडी के उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, 2 अन्य जनपद सदस्यों के साथ गांव पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया कि शासन की युक्तियुक्तकरण के अंतर्गत ट्रांसफर हुआ है। आप लोगों द्वारा उसी शिक्षक को वापस लाने की मांग है उसमें टाइम लगेगा। आप लोग कम से कम एक महीने का समय दीजिए। इस पर ग्रामीण नहीं माने और शनिवार को फिर आंदोलन करने की बात कही। जानकारी के अनुसार कुसुमटोला स्कूल में वर्तमान में छठवीं से आठवीं तक कुल 51 बच्चे हैं, जिनके लिए एक हेड मास्टर एमएल सार्वा, शिक्षक गंगोत्री साहू, चैन कुमार साहू इस प्रकार वर्तमान में 3 शिक्षक कार्यरत हैं और एक शिक्षक करीब 9 महीने से निलंबित है। ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग डेढ़ महीने से शिक्षक की कमी के संबंध में बीईओ, डीईओ और कलेक्टर ▶▶|शेष पेज 10 पर

# जंगल में करील तोड़ते चार ग्रामीण पकड़ाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बरसात के मौसम में बांस में निकलने वाले नए कपोलो जिसे आम भाषा में करील कहते हैं को सब्जी के रुप में पसंद करने वाले शौकिनों की कमी नहीं है। अपना शौक पूरा करने लोग जंगलों में जाकर बांस के पौधौ से निकलने वाले नए कपोलों को तोड़ने पहुंचने लगे हैं। इस पर अंकुश लगाने वन विभाग भी सक्रियता से कार्य कर रहा है। जिले में वन विभाग द्वारा बांस के पौधों से निकलने वाले करील को जंगलों में पहुंचकर तोड़ाई कर रहे 4 लोगों पकड़ा। वन विभाग ने उन पर 4998 रुपए का जुर्माना लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार चारों तालगांव जंगल में बांस की करील तोड़ने पहुंचे थे। वन विभाग एसडीओ डिम्पी बैस, बीट गार्ड रेणु निषाद के अनुसार बुधवार को कक्ष क्रमांक आरएफ 248 में बांस करील तोड़ने गए 4 लोगों को पकड़ा। उन्होंने बताया कि करील तोड़ना अपराध है। जहां मौंके पर जब्तीनामा तैयार कर वन अपराध प्रकरण जारी किया गया। करील तोड़ने वालों पर भारतीय वन अधिनियम 26(1) के तहत कार्रवाई की गई है।



वर्तमान में लगातार हो रही बारिश से मौसमी सब्जियों फूटू व करील जैसे सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, जहां बाजार में ये सब्जी दिखते ही हाथों हाथ बिक जा रही है, इस कारण अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में लोग कानून तोड़कर भी जंगलों में जाकर करील तोड़ रहे हैं और उसे महंगे दामों में बाजार में बेचने लगे हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### बाबा रामदेव मंदिर में आज चंद्रदर्शन महाआरती

**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर में 26 जुलाई सावन सुदी 2 को चंद्रदर्शन महाआरती का आयोजन मंदिर परिसर में संध्या 7.30 बजे से होगा। मंदिर समिति प्रमुख बाबूलाल जैन ने सभी भक्तजनों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### खेत में मृत मिला ग्रामीण पुलिस जांच में जुटी



**डौंडीलोहारा।** समीप के ग्राम भेड़ी में शुक्रवार को सुबह ग्राम से लगे एक खेत में बोर के पास ग्राम के निर्मल कुमार तारम 50 वर्ष मृत अवस्था में पाया गया। शव चित्त अवस्था में था, उसका चेहरा खेत के पानी में डूबा हुआ था। ग्रामीणों व परिजनों से मिली जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मृतक शराब का आदी था और गुरुवार को हरेली त्यौहार के दिन शराब के नशे में ही देखा गया था। देर शाम तक घर भी लौट कर नहीं आया था। सुबह जब लोगों की आवाजाही शुरू हुई तब उसे खेत में ऐसे ही चित्त अवस्था में देखा गया और कोटवार के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। घटना स्थल पर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पीएम के लिए भेजा गया। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारण पता चलेगा। टीआई मुकेश सिंह ने बताया कि ग्राम के पंच नोहरदास मानिकपुरी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# खाद के लिए किसानों ने दिया धरना, बंद रही सोसायटी

**आपूर्ति के लिए कल तक की दी मोहलत, 28 को हाईवे पर चक्काजाम की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिमजाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा के पंजीकृत किसानों को समुचित खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने 25 जुलाई को मुख्य द्वार के सामने धरना देकर शासन प्रशासन से खाद दिलाने की मांग की। 27 जुलाई तक पर्याप्त खाद की आपूर्ति नहीं होने पर 28 जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।



शुक्रवार को किसान सुबह 9 बजे से सोसायटी के मुख्य द्वार के पास एकत्रित होकर खाद की मांग को लेकर नारेबाजी की और समिति के प्रबंधक व कर्मचारियों को मुख्य द्वार का ताला नहीं खोलने दिए, जिससे वे कार्यालय में नहीं जा सके। परिसर के बाहर ही रहकर उच्चाधिकारियों को उक्ताशय की जानकारी देकर परिसर के बाहर ही खड़े रहे। किसानों की पीड़ा को सुनने किसी भी अधिकारी के ना पहुंचने और खाद की आपूर्ति नहीं होने से नाराज किसानों ने उग्र आंदोलन ▶▶|शेष पेज 10 पर

# गौरव ग्राम में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

**हायर सेकंडरी स्कूल में कमरों की कमी, परिसर में भर रहा बरसात का पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम भरदाकला के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उमेंद्र सिंह कलिहारी ने आजादी की लडाई में अपनी आहुति दी। करो या मरो आंदोलन में शामिल हुए, उनके सम्मान में ग्राम भरदाकला को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर गौरव ग्राम का सम्मान मिला है, लेकिन बीते दो दशक बाद भी शिक्षा व्यवस्था का ढांचा पर्याप्त नहीं बनना गौरव ग्राम के गौरव को मुंह चिढ़ा रहा है।

ग्राम में सन 1984 में हाई स्कूल तथा 1995 में हायर सेकंडरी स्कूल खुला, बीते दो दशक बाद भी स्कूल में समस्याओं का अंबार है। इस स्कूल में 313 विद्यार्थी पढ़ाई करते हैं। स्कूल मैदान बारिश में पानी से भर जाता हैं। बारिश का पानी मैदान में भरने से छोटा तालाब बन जाता है, जिससे बच्चों स्कूल को आने जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिससे बारिश के कारण बीमारियों को खुले आम निमंत्रण मिलता है।



स्कूल से मिली जानकारी के अनुसार कमरे भी पर्याप्त नहीं है, मिडिल स्कूल के कमरे से काम मजबूरी में चल रहा है। पूर्व में सड़क में धरना प्रदर्शन करने पर तीन कमरा मिला, लेकिन समस्या जस की तस बनी हैं। शौचालय की कमी के कारण स्वच्छ भारत मिशन को ठेंगा दिखा रहे हैं। स्कूल में बाउंड्री वॉल नहीं होने से असामाजिक तत्वों की स्कूल में महफिल सजती है, आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों को स्कूल में झांकने की फुर्सत तक नहीं है।

### उत्कृष्ट खेती-किसानी के लिए दो किसान सम्मानित



**बालोद।** ग्राम मेंड़की में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं ओरमा सरपंच मंजूलता के नेतृत्व में मेंढ़की के दो किसान दिलीप साहू, नारायण साहू का हरियाली त्यौहार पर कृषि कार्य के उत्कृष्ट कार्य कर अन्य किसानों को प्रेरित करने के लिए सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर सरपंच मंजूलता परस साहू, पंच संतोष साहू, पंच विश्वाकांत भारद्वाज, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गुणवंत लाल श्रीवास्तव, ग्राम प्रमुख धनराज साहू, छबील साहू, होरीलाल साहू, रूपनारायण देवांगन, जगदीश साहू एवं बड़ी संख्या में इस हरियाली त्यौहार में किसान सम्मान में शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज
धनोरा, भिलाई
नर्सिंग बी.एस.सी.
9827968807



खबर संक्षेप

## धूमधाम से तीज पर्व मनाएगा जाट समाज होंगे विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** महाराजा सूरजमल जन कल्याण जाट समाज भिलाई के द्वारा हर साल की तरह इस बार भी 27 जुलाई रविवार को जाट भवन सेक्टर 5, सड़क नंबर 9 में सुबह 10 बजे से धूमधाम से तीज पर्व मनाया जाएगा। आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ के सीबीआई प्रमुख एसएन जाट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे और समाज के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान तीज क्वीन, मेहंदी, खेलकूद व रंगोली तियोगिता का आयोजन रखा गया है। इस दौरान बच्चे रंगारंग प्रस्तुति भी देंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वालों के लिए स्वरुचि भोज की भी व्यवस्था की गई है

## बीएसपी के संविदा कर्मियों ने किया मंचन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के महात्मा गांधी कला मंदिर में सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के सौजन्य से संविदा श्रमिकों द्वारा सुरक्षा नाट्य समारोह का आयोजन किया गया। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथि थे। सीजीएम तापस दासगुप्ता देबदत्त सत्पथी सहित महाप्रबंधक, सुरक्षा अधिकारी, संविदा श्रमिक, सेफ्टी वॉरियर्स उपस्थित थे। नाटक के माध्यम से तीन सुरक्षा मानकों परमिट- टू -वर्क, इलेक्ट्रिकल स्टैंडर्ड और हजार्ड कण्ट्रोल के विषय में मनोरंजक एवं सहज तरीके से कार्मिकों को जागरूक किया गया। इस नाट्य प्रस्तुति ने सुरक्षा के लिए जागरुक किया। एसएमएस-3, पीबीएस एवं वाटर मैनेजमेंट विभाग के संविदा कार्मिकों की तीन टीमों ने नाट्य प्रस्तुतियाँ दीं।मुख्य अतिथि ने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा का दायरा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक 360 डिग्री की समग्र सोच होनी चाहिए, जिसमें हर श्रमिक की भागीदारी अनिवार्य है।इस अवसर पर जीएम पुष्पा एम्ब्रोज, सहायक महाप्रबंधक शोवन घोष व सहायक प्रबंधक आदि उपस्थित थे। जीएम एसके अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन व संचालन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

## बीआरएम कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि




**भिलाई।** सेल- बीएसपी के मिल्स ज़ोन-1 के बार एवं रॉड मिल में कर्म शिरोमणि सम्मान एवं सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीजीएम योगेश शास्त्री थे।कर्म शिरोमणि' सम्मान से पीवी सत्यनारायण, यशवंत कुमार एवं अमित कुमार वर्मा को सम्मानित किया गया। साथ ही सर्वाधिक नियर-मिस घटनाओं की रिपोर्टिंग करने वाले कर्मी शिव कल्याण को प्रथम, वामसी बेहेरा को द्वितीय तथा टिकेन्द्र नाथ को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन समायला अंसारी ने किया।

### रिसाली में सेंटर का भवन निर्माण भी पूरा लेकिन योजना पर अमल नहीं

# भिलाई, रिसाली, चरोदा व दुर्ग निगम की बस्तियों में सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर खोलने लाखों बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

निगम क्षेत्रों के लोगों को भले ही रियायती र पर जांच की सुविधा मुहैया नहीं हो पाई लेकिन डॉयग्नोस्टिक सेंटर खोलने लाखों रुपए जरूर बर्बाद हो गए। सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर खोलने के लिए चारों निगमों ने जमीन भी चिहांकित कर लिए। प्रक्रिया भी पूरी की। रिसाली निगम ने तो सेंटर के लिए 30 लाख रुपए का भवन तक निर्माण कर लिया। वर्तमान में सेंटर न शुरू हो पाया है और न ही अब निगमों को कोई दिलचस्पी है।

### नगरीय प्रशासन विभाग की थी सिटी डॉयग्नोस्टिक योजना

नगरीय प्रशासन व विकास मंत्रालय निगम क्षेत्रों में सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर खोलने की योजना पूरे प्रदेशभर में लाई थी। भिलाई निगम, दुर्ग निगम, भिलाईतीन चरोदा व रिसाली निगम क्षेत्र के लोगों को जांच सुविधा रियायती दर पर मिले ऐसी मंशा रही। इन चारों निगम का नोडल एजेंसी जिला प्रशासन ने भिलाई निगम आयुक्त को बनाया। भिलाई निगम से ही पूरी प्रक्रिया वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई थी।

हरिभूमि सरोकार

रिसाली में टंकी मरोदा बाजार के पास बना 30 लाख का डॉयग्नोस्टिक सेंटर का भवन इस तरह पड़ा हुआ है



चारों निगम की जनसंख्या जिन्हे मिलता लाभ

| | |
|---|---|
| भिलाई | -551947 |
| दुर्ग | -232147 |
| रिसाली | -170777 |
| चरोदा | -107000 |

### शहरवासियों को सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी महंगी जांच की मिलती है सुविधा

सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर में 128 प्रकार की जांच सुविधा मिलनी थी। जिसमें प्रमुख रूप से सीटी स्कैन, एक्सरे, सोनोग्राफी, एमआरआई जैसी मंहगी जांच सुविधा मिलती। इनमें से एमआरआई की सुविधा जिला अस्पताल तक में अब तक नहीं है। इसके लिए भिलाई- दुर्ग के निजी डॉयग्नोस्टिक सेंटरों में लोगों को जाना पड़ता है। जिसके लिए 2 हजार से 5 हजार रुपए तक खर्च करना पड़ रहा है। सोनोग्राफी के लिए जिला अस्पताल में कई दिनों के बाद नंबर आ रहा है। सिविल अस्पताल सुपेला में केवल गर्भवती महिलाओं की ही सोनोग्राफी हो रही है। कई जांच भी ऐसी है जिसकी सुविधा जिले के किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है।

### ये जांच सुविधा भी लोगों को मिलती

सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर में थॉयराईड, हीमोग्लोबिन, टी.एल.सी, डी.एल.सी, टोटल आर.वी.सी. काउंट, कंपलीट सी.बी.सी, ई.एस.आर., पेरीफेरल स्मियर, पी.एस. फॉर एम.पी./एम.एफ., सिकल सेल, पी.सी. व्ही., प्लेटलेट काउंट, रेटिकुलोसाइट काउंट, ब्लड ग्रुपिंग, सिकलिंग सोल्यूबिलिटी टेस्ट, ब्लीड़िग टाइम, क्लॉटिंग टाइम, एच. वी. इलेक्ट्रोफोरेसिस, रेनज्म ब्लड शुगर, ब्लड शुगर फारिटा, सिरम यूरिक एसिड, लिवर फंगसन टेस्ट, सीरम बिलिरूविन डायरेक्टर सीरम, सीरम प्रोटीन, एच. आई., एच.बीएसी, सहित 128 प्रकार की जांच सुविधा मिलती।

### निगम को उपलब्ध करवाना था केवल भवन

सिटी डॉयग्नोस्टिक सेंटर के लिए सभी चारों निगम को केवल भवन उपलब्ध करवाना था। भवन निर्माण के लिए चारों निगमों को 30-30 लाख रुपए का बजट भी मिले। रिसाली को छोड़कर शेष तीनों निगमों ने भवन निर्माण नहीं किया। सेंटर के संचालन आउट सोर्सिंग के जरिए होती। 15 साल तक के लिए इस सेंटर को आउट सोर्सिंग में दे दिया जाता। सैंटर के भवन का किराया निगम लेती। प्रति वर्ग फुट दो रुपए का किराया निर्धारित किया गया था। भिलाई निगम, रिसाली, भिलाई-3 चरोदा और दुर्ग ने श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में स्थान का चयन भी कर लिया था। इसके बाद प्रक्रिया को आगे ही नहीं बढ़ाया गया। केवल टेंडर निकालकर खानापूर्ति की गई और यह कह दिया गया कि शर्तों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

### इस तरह रियायती दर पर होती जांच

डॉयग्नोस्टिक सेंटर संचालन के लिए निगम क्षेत्र के लोगों को आधे दाम में जांच सुविधा मिलती। जिस एजेंसी को संचालन के लिए दिया जाता उनका पूरा स्टॉफ वहां जांच का काम करता। जांच के सेंपल कलेक्ट कर वे अपने संसाधन से इसकी जांच करते। निजी डॉयग्नोस्टिक सेंटर से करीब 40 प्रतिशत कम दाम में लोगों को मंहगी सुविधा उपलब्ध हो जाती। निगम क्षेत्र में श्रमिक बस्ती के लोगों के लिए यह डॉयग्नोस्टिक सेंटर फायदेमंद साबित होता। चर्चा है कि भिलाई निगम नोडल एजेंसी थी इसलिए यहां के कतिपय डॉयग्नोस्टिक सेंटरों को लाभ पहुंचाने के लिए इस योजना को अमलीजामा नहीं पहुंचाया गया।

## इन्वेंट्री प्रबंधन में सुधार से मिलेगी सफलता : महापात्रा

### हेड्स ऑफ सामग्री प्रबंधन कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा भिलाई निवास में आयोजित तीन दिवसीय हेड्स ऑफ सामग्री प्रबंधन मीट एवं इन्वेंट्री मैनेजमेंट कार्यशाला के दूसरे दिन इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली नवाचार और उन्नत पॉलिसियों की दिशा में विचार-विमर्श हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रोन्नत नीतियों पर सुझाव दिए। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक निदेशक एके चक्रवर्ती, तथा कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम ने इन्वेंट्री प्रबंधन नीति में सुधार की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक एसजे अहमद, अभिषेक डे, बोकारो इस्पात संयंत्र के सी आर मिश्रा, राउरकेला इस्पात संयंत्र अनिल कुमार तथा सीजीएम प्रभारी दुर्गापुर इस्पात संयंत्र व संजीब रंजन दास भी उपस्थित थे। तीन टीमों ने इन्वेंट्री प्रबंधन नीति में संभावित संशोधनों पर प्रस्तुतीकरण दिए।

### कार्यशाला के समापन में एआई पर चर्चा

कार्यशाला के समापन समारोह में बीएसपी के कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती ने सुझावों को अमल में लाने पर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि एचओएमएम बैठक विचारों के रचनात्मक आदान-प्रदान तथा दीर्घकालिक मुद्दों के समाधान हेतु एक प्रभावी मंच सिद्ध हुई है, जिससे सेल की समग्र क्रय एवं सामग्री प्रबंधन प्रणाली की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। समापन पर इन्वेंट्री प्रबंधन कार्यशाला में सहभागिता कर रहे प्रतिभागियों को एचओएमएम मंच द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर विरोध, वार्ड के लोगों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- भिलाई-चरोदा निगम वार्ड-17 का मामला
- मोबाइल टॉवर पर रोक लगाने की मांग

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा में मोबाइल टावर लगाने को लेकर लोगों ने विरोध कर दिया है। मामले में वार्ड 17 शांति नगर भिलाई तीन का है।

मिली जानकारी के मुताबिक एयरटेल कंपनी के द्वारा मोबाइल टावर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसे लेकर स्थानीय वार्डवासियों ने बुधवार को जमकर विरोध किया है। यह टावर मुक्ता सिनेमा के पीछे, नेमीचंद जैन की निजी भूमि पर स्थापित करने की जानकारी मिल रही है। लोगों ने नगर निगम आयुक्त को लिखित आवेदन देकर मोबाइल टावर के निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। आवेदन में शिकायत किया गया है कि घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में टावर लगने से रेडिएशन से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। भूमि मालिक से लोगों ने बात किया तो उसने बताया कि कंपनी के साथ एग्रीमेंट हो चुका है। विरोध करने वालों में वार्ड के बसंत राव गाणोरकर, आरपी यादव, दिलीप ठाकरे, एसएस नकुल, एसपी मिश्रा, डी कोले, दिनेश गिरी गोस्वामी, अनिल कुमार साहू, तामेश्वर प्रसाद साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पीएम के मन की बात 27 को, 807 बूथ में सुनेंगे भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 124वां एपिसोड 27 जुलाई को आयोजित है। इस बार भाजपा के 807 बूथ के कार्यकर्ता जिले में पीएम मोदी की मन की बात सुनेंगे। जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कार्य योजना पर चर्चा की। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, जिला संयोजक संतोष सोनी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कौशिक ने कहा कि कार्यक्रम में सामाजिक, व्यापारिक, चिकित्सक व अन्य प्रोफेशनल समूह, अधिवक्ताओं, खिलाडी संघ व स्वसहायता समूह आदि के साथ प्रत्येक विधानसभा में आयोजित करने की योजना बनाई गई है। इसे लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। जिला संयोजक संतोष सोनी ने कहा कि पीएम मोदी की मन की बात को लेकर कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों में खासा उत्साह देखा गया है। सभी महीने के अंतिम हफ्ते में पड़ने वाले रविवार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इसे देखते हुए इस बार कुछ अलग करने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक में आभार प्रदर्शन सह संयोजक रज़ा खोखर ने किया। इस अवसर पर मनमोहन शर्मा, हरीश चौहान, कमलेश फेकर, कौशल साहू, लिकेश्वर देशमुख, अनुपम साहू, राजू जांगड़े, हेमन्त सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## जेएलएन अस्पताल में किशोरियों को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- बीआर कन्या उमा विद्यालय में स्वास्थ्य के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग तथा जेएलएन अस्पताल के तत्वावधान में मिशन लक्ष्मी के तहत बीआरजे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दुर्ग में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 85 छात्राओं और 5 शिक्षकों ने भाग लिया।

उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में किशोरावस्था की छात्राओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विषयों पर चिकित्सकीय जानकारी दी गई।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. माला चौधरी ने बाल स्वास्थ्य और टीकाकरण पर जानकारी दी। चिकित्सक डॉ. जकिया ने प्रजनन स्वास्थ्य, कैंसर जागरूकता व मेनस्टुअल हाइजीन का महत्व बताया। आहार विशेषज्ञ लता मिश्रा ने संतुलित आहार पर जानकारी दी। कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन के प्रदर्शन में छात्राओं के साथ शिक्षकों ने भी भाग लिया।

## आप के संगठन विस्तार की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में पार्टी के विस्तार और संगठन की मजबूती के लिए कवायद शुरू कर दी गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि आगामी 30 जुलाई तक सभी जिलों में जिला स्तरीय मीटिंग होनी है। इसके बाद जोन स्तरीय सम्मलेन होगा। इसमें प्रदेश प्रभारी, सहप्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मीटिंग होगी। राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक और दिल्ली के सुल्तानपुर विधायक, मुकेश अहलावत के निर्देश पर पार्टी विस्तार और मजबूत संगठन की कवायद शुरू की गई है। पार्टी ने 7 ज़ोन बनाकर प्रदेश पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक, समन्वयक नियुक्त किया है। जसबीर सिंग को सरगुजा और कोरबा-रायगढ़, सूरज उपाध्याय को बिलासपुर-जांजगीर-चांपा, वदूद आलम को रायपुर-महासमुंद, देवलाल नरेटी और उत्तम जायसवाल को बस्तर, कांकेर और दुर्ग-राजनांदगाव की जिम्मेदारी दी गई।



### नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने चलाया जा रहा अभियान

प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि पार्टी का गठन 12 साल पहले हुए। इतने कम समय में पार्टी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल किया। नए सदस्यों को जोड़ने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। जिला, ब्लॉक स्तर, प्रत्येक वार्ड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन की टीम तैयार करने की रुपरेखा तैयार की जा रही है। पार्टी में युवाओं और महिलाओं, किसान विंग, ओबीसी विंग एवं एसटी, एससी विंग पर भी पार्टी का बहुत ज्यादा फोकस है।

## बीआरएम की टीम सारथी को नेशनल कन्वेंशन में तीसरी बार मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- प्रतियोगिता में बीएसपी की 36 टीमों ने लिया भाग, दी उत्कृष्ट प्रस्तुतियां

भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एंड रॉड मिल की क्वालिटी सर्कल टीम सारथी ने नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (एनसीक्यूसी) में लगातार तीसरे वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त कर "पार एक्सीलेंस" श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया है। ग्वालियर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान में हुई इस प्रतियोगिता में बीएसपी की ओर से 36 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से टीम सारथी ने प्रथम स्थान हासिल किया।



सीजीएम योगेश शास्त्री ने कहा कि टीम 'सारथी' ने अपने कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से बीआरएम की कार्यसंस्कृति और प्रतिबद्धता को देशभर में प्रस्तुत किया है।

### टीम वर्क से मिली सफलता

टीम का नेतृत्व फैसिलिटेटर अनिल कुमार द्विवेदी (उप प्रबंधक) द्वारा किया गया। इसके दीपेश कुमार चुघ, धनराज साहू, शुभम शिंदे, कुंते लाल और यशवंत कुमार थे। इन सभी सदस्यों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में गुणवत्ता पर आधारित क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स को लागू करते हुए सफलता प्राप्त की।

## 27 को आबकारी आरक्षक परीक्षा तैयारियों को लेकर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य एवं व्यापमं परीक्षाओं के लिए दुर्ग जिले के समन्वयक डॉ. अजय कुमार सिंह के निर्देशन में आगामी 27 जुलाई को आयोजित आबकारी आरक्षक परीक्षा की तैयारी के संदर्भ में सहायक समन्वयकों की बैठक आयोजित की गई। यह परीक्षा दुर्ग में 70 केन्द्रों में सुबह 11 से दोपहर 1.15 बजे पर आयोजित की जायेगी। इस संदर्भ में सहायक समन्वयक डॉ. एके खान, डॉ. अभिनेष सुराना एवं डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने यह जानकारी दी कि परीक्षा में परीक्षार्थियों को परीक्षा के कम से कम 2 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचना होगा तथा परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार सुबह 10.30 बजे बंद कर दिया जायेगा। समन्वयक डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि व्यापमं की परीक्षा नियमानुसार निर्विध्न संपन्न करने हेतु समन्वयक की टीम एवं नोडल अधिकारी द्वारा उड़न दस्ता बनाया गया है, जो परीक्षा केन्द्रों की जांच करेगा।

पेज 9 के शेष...

### कलेक्टर के निरीक्षण ...

अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर कलेक्टर ने खनिज अधिकारी कार्यालय के भू–अभिलेख शाखा, आदिम जाति कल्याण, जनसंपर्क, खाद्य, जिला योजना एवं सांख्यिकी, अंत्यावसायी, जिला हथकरघा, जिला कोषालय, आबकारी, जिला खनिज एवं न्यास संस्थान, महिला एवं बाल विकास विभाग, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, क्रेडा, श्रम, अपर कलेक्टर कक्ष, नाजिर शाखा, स्थापना शाखा एवं प्रतिलिपि शाखा सहित जिला कार्यालय सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक अधिकारी–कर्मचारियों की सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक कार्यालयीन अवधि में उपस्थिति अनिवार्य है। मिश्रा ने समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने वाले तथा अपने कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी। इस दौरान कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा कार्यालय के कुछ अधिकारी–कर्मचारियों के कार्यालय में उपस्थिति के उपरांत कार्यालयीन कार्य से बाहर जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर मिश्रा ने कार्यालय अधीक्षक को इन अधिकारी–कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति का मिलान कर इसकी पुष्टि कराने कहा।

### शिक्षक का स्थानांतरण...

को भी अवगत करा चुके है, परंतु किसी ने इस दिशा में अभी तक प्रयास नहीं किया। इसलिए उन्हें आंदोलन पर बैठना पड़ा। ग्रामीणों की मांग है कि युक्तियुक्तकरण के तहत बाहर भेजे गए शिक्षक मेश्राम को वापस बुलाया जाए, बच्चों के साथ आंदोलन में ग्रामीण सेवक राम विश्वकर्मा, शंकर लाल पिस्दा, ताराचंद, ताराम, विनोद, चुरेंद्र, खिलेंद्र भुआर्य, वीर सिंह भुआर्य, जसराज, चुरेंद्र, सहदेव साहू, शोभाराम आर्य, अहिल्याबाई सहित अनेक लोग शामिल थे।

### खाद के लिए...

करने का निर्णय लिया और उपस्थित सैकड़ों किसानों ने 28 जुलाई को चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।

गौरतलब है कि किसान कई दिनों से खाद के लिए सोसायटी का चक्कर लगा रहे थे, 23 जुलाई को सुबह से ही खाद आने की प्रतीक्षा में सोसायटी परिसर में डटे थे, कि दोपहर के बाद सिर्फ एक ट्रक यूरिया खाद पहुंचने से नाराज हो गए थे। लगभग 35 दिन के बाद कम खाद आने से किसान आक्रोशित हो गये और किसानों की मांग के अनुरूप खाद नहीं आने से धरना प्रदर्शन करते हुए 24 जुलाई तक पर्याप्त मात्रा में खाद ना आने पर 25 जुलाई को पुनः धरना प्रदर्शन करने की बात कही। उसी परिपेक्ष्य में शुक्रवार को दिनभर सोसायटी के मुख्य द्वार पर किसान डटे रहे।

किसानों ने बताया की आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा में खरीफ फसल के लिए प्रति वर्ष लगभग 10 हजार बोरी खाद की खपत होती है, किंतु इस वर्ष अभी तक 3500 बोरी यूरिया खाद आया है, खाद कम मिलने से किसानों की फसल में वृद्धि नहीं हो पा रही है। समिति में 16 जून के आसपास 700 बोरी यूरिया खाद आया था, उसके पैंतीस दिन बाद 23 जुलाई को 700 बोरी खाद आया। समिति में लगभग 2300 पंजीकृत किसान है, जिसमे से सैकड़ों किसानों को अभी तक एक बोरी यूरिया नहीं मिला है।

धरना प्रदर्शन में मोहन सिंद्रामे, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, गणेश सेवता, शिवराम सिंद्रामे, घनश्याम गुनेंद्र, राजू सिन्हा, सरजुराम, कोमल सिंह, नितिन जैन, भुवन धुर्व, जयंत पिस्दा, जगन्नाथ सिवना, रोहित मसिया, देवलाल पिस्दा, पूनम सिन्हा, पुरषोत्तम, आत्माराम, भूषण नेताम, ओमेश्वरी धनकर, अमाय नागवंशी सहित सैकड़ों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

आरडी वर्मा प्रभारी खाद गोदाम जगतरा बालोद ने बताया की शनिवार या सोमवार को एक गाड़ी खाद कुसुमकसा पहुंचने की संभावना है।



## खबर संक्षेप



### 59 पौवा शराब जब्त दो युवक गिरफ्तार

**दल्लीराजहरा।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए राजहरा पुलिस ने दो शराब तस्करों को धर दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से 59 पौवा देशी प्लेन शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी वाहन जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

यह कार्रवाई 24 जुलाई को पुलिस को मिली मुखबिर सूचना के आधार पर की। सूचना मिली थी कि योगेश कश्यप एवं उसका साथी स्कूटी वाहन से अवैध शराब की खेप लेकर रेलवे क्रॉसिंग कारूटोला की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने तत्काल रेड कार्रवाई कर चिखलाकसा क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई योगेश पिता दिलीप कश्यप 30 वर्ष निवासी वार्ड 7 चिखलाकसा, भूपेन्द्र कुमार पिता बहल सिंह बावरे 28 वर्ष निवासी वार्ड 7 चिखलाकसा पर की गई।

### हरेली पर रामकथा का हुआ आयोजन



**अंडा।** हरेली त्यौहार पर गुरुवार को बाजार चौक में रामकथा का आयोजन हुआ। नवनीत श्रीराम मानस मंडली ग्राम गांधी की व्याख्या भजन भोले नाथ की कथा, सति देह त्याग, पार्वती जन्म, माता पार्वती भगवान शिव विवाह व्याख्यान किया गया। इस कार्य के लिए सभी वरिष्ठजनों ने रामकथा कार्य को सराहा। राम कथा व्याख्याकार डीपी चन्द्राकार थे।

### उद्यानिकी फसलों की बीमा 31 जुलाई तक

**बालोद।** खरीफ वर्ष 2025–26 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत उद्यानिकी फसलों की बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि जिले के इच्छुक ऋणी एवं अऋणी कृषक टमाटर, बैगन, अमरुद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 जुलाई तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या भारतीय कृषि बीमा इंश्योरेंश कम्पनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर फसलों का बीमा करा सकते हैं। इसके साथ ही उक्त संबंध में अधिक जानकारी बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त सकते हैं।

### गातापार में पौंधारोपण हुआ



**जामगांव आर।** ग्राम गातापार में हरेली तिहार पर एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्रामीणों ने पौंधारोपण किया गया। इसमें संतराम साहू, अंकलहू राम साहू, धर्मेंद्र साहू, देवेंद्र साहू, गंगाराम साहू, विवेक साहू, पंकज साहू, योगेश साहू, शारदा साहू ने पौधारोपण किया।

### एसएलआरएम सेंटर बने अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड

**दुर्ग।** शहर में इन दिनों कचरा उठाने और उसके एसएलआरएम सेंटरों में प्रोसेसिंग को लेकर बड़ा खेल चल रहा है। वार्डों से कचरा तो डोर-टू-डोर कलेक्ट किया जा रहा है, लेकिन यह कचरा प्रोसेस होने के बजाए गुपचुप तरीके से शहर के अलग-अलग हिस्सों में लैंड फिलिंग के नाम पर डंप किया जा रहा है। किसी को इसकी भनक न लगे, इसलिए दोपहर 2 बजे के बाद यह पूरा खेल चल रहा है। इतना ही नहीं एसएलआरएम सेंटरों में कचरे से खाद बनाने का नाम सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित है। इतना ही नहीं वार्डों का कचरा लाकर इन एसएलआरएम सेंटरों में पहुंचाया जा रहा है। इसके बाद निगम की गाड़ियां इसे शहर के आउटर क्षेत्रों में डंप कर रही है। शासन के निर्देश पर ट्रेंचिंग ग्राउंड समाप्त कर दिए गए हैं।

# शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा, आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

## जानकारी के बावजूद शासन-प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर इन दिनों आवारा मवेशियों की समस्याओं से जुझ रहा है। शहर की मुख्य सड़कों, बाजारों, अस्पताल के सामने, स्कूलों के आसपास और आवासीय इलाकों में भारी संख्या में मवेशी बेखौफ घूमते नजर आते हैं। इन मवेशियों की वजह से ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई हुई है, वहीं दुर्घटनाओं की संख्या में भी इजाफा हुआ है।

पिछले कुछ हफ्तों में बाइक और स्कूटी सवारों के साथ कई हादसे हो चुके हैं। दो दर्जन से अधिक घायल लोगों का इलाज स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है। खासकर रात के समय सड़क पर बैठे





मवेशी और लाइटिंग की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका परिषद और प्रशासन से कई बार इस पर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन नतीजा आज भी शून्य है। न तो मवेशियों की धरपकड़ हो रही है, न ही कोई स्थायी समाधान की योजना दिखाई दे रही है।

दल्लीराजहरा शहर का प्रमुख बाजार, रेलवे स्टेशन मार्ग, अस्पताल चौक, स्कूल रोड और बस स्टैंड क्षेत्र में आवारा मवेशी खुलेआम घूमते नजर आते हैं। कई बार स्कूल जाते बच्चों को इन मवेशियों से जान बचाकर निकलना पड़ता है। व्यापारियों को भी आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## तैयारी : साढ़े छह हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

# जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर होंगी आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा रविवार 27 जुलाई को बालोद जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिले में कुल कुल 6500 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

- दो घंटा पहले पहुंचना होगा परीक्षार्थियों को

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक परीक्षा के आयोजन के लिए नोडल आर्ब्जवर, समन्वयक आर्ब्जवर, केन्द्र अधीक्षक आदि अधिकारी–कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा सभी परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा अधिकारियों की ड्यूटी के अलावा परीक्षा केन्द्रों तक प्रश्न पत्र आदि को सुरक्षित पहुंचाने अधिकारी–कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगा दी गई है। कलेक्टर के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा एवं पुलिस नोडल अधिकारी एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर ने परीक्षा कार्य से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर व्यापमं द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों की जानकारी दी। इन दोनों अधिकारियों ने परीक्षा कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों को व्यापमं द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करते हुए परीक्षा के सफल आयोजन में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में लकरा ने बताया कि आबकारी आरक्षक परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 01.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नकल आदि के प्रकरण पर पूर्णतः रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु परीक्षार्थियों के गहन जांच हेतु सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में दो घण्टा पूर्व पहुंचना अनिवार्य है। इस तरह से विद्यार्थियों को 9 बजे परीक्षा केन्द्रों में अनिवार्य रूप से पहुंचना होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था के अंतर्गत साड़ी आदि विशेष पोषाक पहनकर आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में निर्धारित समय से 3 घण्टा पूर्व पहुंचना अनिवार्य है। जिससे उनकी सुरक्षा आदि की जांच की प्रक्रिया सही तरीके से सुनिश्चित की जा सके। लकरा ने बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घण्टा पूर्व मुख्य द्वार को बंद कर दिया जाएगा। बैठक में लकरा ने परीक्षा कार्य से जुड़े अधिकारियों को आबकारी आरक्षक परीक्षा हेतु व्यापमं द्वारा जारी किए दिशा–निर्देशों के संबंध में जानकारी दी।



### दल्लीराजहरा में शुरू होगा केंद्रीय विद्यालय




बालोद। जिले वासियों को अब शीघ्र ही केन्द्रीय विद्यालय की सौगात मिलने वाली है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में केन्द्रीय विद्यालय के शीघ्र संचालन हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार दल्लीराजहरा स्थित बीएसपी स्कूल क्रमांक 6 के भवन में अस्थाई रूप से केन्द्रीय विद्यालय का संचालन किया जाएगा। कलेक्टर ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर बीएसपी स्कूल क्रमांक 6 के भवन में केन्द्रीय विद्यालय के संचालन हेतु 15 अगस्त तक सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# बारिश का कहर : निचली बस्तियों में भरा पानी

## चार दिनों की लगातार झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



शहर सहित आस-पास के समूचे क्षेत्र में बीते चार दिनों से हो रही झमाझम बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। तेज बारिश के चलते पूरा इलाका तर-बतर हो गया है और हालात 'हाहाकार' जैसे बन गए हैं।

लगातार हो रही मूसलधार बारिश के कारण शहर की कई निचली बस्तियों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में पानी भरने की खबरें हैं, वहीं स्थानीय सड़कों पर जलजमाव से यातायात भी बाधित हो गया है।

मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों में और तेज बारिश की चेतावनी दी है, जिससे चिंता और बढ़ गई है। प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्यों के लिए टीमें अलर्ट पर हैं, लेकिन भारी बारिश ने चुनौती को और गहरा कर दिया है।

दल्लीराजहरा स्थानीय नागरिकों ने बुनियादी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई है, वहीं प्रशासन से तुरंत राहत शिविर और सुरक्षित स्थानों पर शिफ्टिंग की मांग की जा रही है। बारिश का यह दौर अगर यूं ही जारी रहा, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं।

# सशिमं में मना हरेली पर्व, छात्रों को त्योहार की गिनाई महत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में हरेली पर्व मनाया गया। विद्यालय के आचार्य परिवार तथा बाल भारती एवं शिशु भारती के पदाधिकारी द्वारा कृषि औजारों की विधिवत्त पूजा की गई। प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने सभी छात्रों को हरियाली पर्व का कृषि व आम जीवन में उपयोगिता बताई। आचार्य बौद्धिक प्रमुख सुखीत राम कलिहारी ने हरेली त्यौहार मनाने के धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्यौहार कृषि संस्कृति तथा पशुधन के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। हरीतिमा संवर्धन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। कार्यक्रम में आचार्य कामता प्रसाद साहू, दीदी चेतेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू, छबीलता पटेल, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, ईश्वरी ठाकुर एवं बाल भारती शिशु भारती के पदाधिकारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मीडिया प्रतिनिधियों ने रोपे पौधे



**बालोद।** जिला प्रशासन द्वारा जिले में चलाए जा रहे सघन पौंधारोपण अभियान के तहत जिला पंचायत के समीप सिवनी रोड स्थित रिजर्व फॉरेस्ट क्रमांक 248 में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर वृहद पौंधारोपण अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, जनसंपर्क अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर ने भी पौधारोपण कर सघन पौधारोपण अभियान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में उप वनमण्डलाधिकारी डिम्पी बैस सहित वन विभाग के अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# मितानिन संघ ने धरना प्रदर्शन को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर एक दिवसीय प्रदर्शन व अनिश्चितकालीन कामबंद कलम बंद हड़ताल को ब्लॉक मितानिन संघ ने समर्थन दिया। ब्लॉक मितानिन संघ ने डौंडी लोहारा के उप मंडी प्रांगण में बैठक की। बैठक में ब्लॉक के 208 गांवों की 500 से अधिक मितानिन उपस्थित हुई। बैठक में दो सूत्रीय मांगों का समर्थन कर 29 जुलाई को रायपुर में प्रदर्शन में शामिल होने का निर्णय लिया। मांग पूरी नहीं होने पर 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन काम बंद कलम बंद हड़ताल के निर्णय का समर्थन किया। मितानिन संघ की संरक्षक तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था, उस वादा को पूरा करें। मितानिन संघ के वादों को मोदी की गारंटी बताया था। मितानिन संघ की ब्लॉक अध्यक्ष अर्चना प्रजापति ने कहा कि गांव के बारे में निस्वार्थ भाव से काम करने वाली मितानिन के साथ सरकार वादा खिलाफी कर रही है। इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। ब्लॉक स्तरीय मितानिन संघ की बैठक को शोभा शर्मा, अंजनी देवांगन, केशव शर्मा, मधुसूदन करसेल ने भी संबोधित किया। बैठक में गायत्री शर्मा, दंतेश्वरी देवांगन, गुनीता ठाकुर, संगीता रामटेक, लता देवांगन, तेमजेश्वरी कोठारी, उषा पटेल, गिरिजा ठाकुर, सीमा ठाकुर, ललित ठाकुर, ओमलता नेताम, देवेश साहू, हेमलता साहू, योगिता साहू, सहित ब्लॉक की 500 से अधिक मितानीन उपस्थित थीं।

# हरेली है ग्रामीण संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



शहर सहित सम्पूर्ण अंचल में हरेली तिहार पारंपरिक उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह पर्व न सिर्फ खेती-किसानी से जुड़ी परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण संस्कृति की आत्मा को भी जीवंत करता है।

ग्रामीणों ने परंपरा अनुसार कृषि यंत्रों की पूजा कर उन्हें पवित्र बूटी से धोकर, चंदन-हल्दी से सजाया और देवताओं के समक्ष अर्पित किया। इस अवसर पर गौवंश की भी विशेष पूजा की गई और उन्हें औषधीय बूटी खिलाई गई। बैगाओं ने खेतों और घरों के द्वारों पर नीम की टहनियां लगाकर नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने का अनुष्ठान किया। बच्चों ने पारंपरिक गेड़ी चढ़ने की विधा में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे माहौल में उल्लास और संस्कृति की खुशबू फैल गई। हरेली पर्व के इस आयोजन में गांवों की मिट्टी, परंपरा और प्रकृति से जुड़ाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों और नागरिकों ने ग्रामीण विरासत को सहेजने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे त्योहार हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हैं।

## निर्धारित दर से भी अधिक कीमत पर बेची जा रही, नहीं हो रही कार्रवाई

# बगैर बिल निजी दुकानों में बिक रही खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर सहित पूरे आदिवासी अंचल में इन दिनों खाद की जमकर कालाबाजारी हो रही है। खाद विक्रेता खुलेआम सरकारी दरों को ठेंगा दिखाते हुए बिना बिल के मनमाना दाम वसूल रहे हैं, जिससे गरीब और मेहनतकश किसान आर्थिक शोषण के शिकार हो रहे हैं।

किसानों का कहना है कि दुकानदार द्वारा न तो उन्हें रसीद दी जाती है, न ही कोई दाम तय हैं। विक्रेता अपनी मनमर्जी के हिसाब से कीमतें वसूल रहे हैं। इससे खेती की लागत बढ़ रही है और समय पर खाद न मिलने से फसल प्रभावित हो रही है।

किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन की राह पकड़ेंगे। उनका कहना है कि खाद जैसी जरूरी वस्तु के लिए लूट की यह व्यवस्था अब बर्दाश्त के बाहर है।

खाद की आपूर्ति व्यवस्था पर निगरानी क्यों नहीं? बिना बिल बिक्री पर रोक क्यों नहीं लग रही? विभागीय अफसरों की निष्क्रियता के पीछे क्या कोई मिलीभगत है? सरकार और जिला प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए, अन्यथा आने वाले समय में यह मामला तूल पकड़ सकता है और इसका सीधा असर क्षेत्र की कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCA AICTE Approved
BCom
MCom
MSW
MA Hindi
DCA
PGDCA
B.Lib
PG Diploma in YOGA
BEd
DElEd
BSc BEd
MSc Physics & Chemistry Computer Science
Anda, Durg
: 9575037637, 6265377477

## खबर संक्षेप



### वटकेश्वर महादेव समिति की कावड़ यात्रा कल

**बालोद/कलंगपुर।** श्रावण मास पर वटकेश्वर महादेव समिति बस स्टैंड कलंगपुर एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में 27 जुलाई को सुबह 11 बजे भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन रखा गया है। इसमें सभी श्रद्धालु शामिल होकर भगवान बोलेनाथ शिव पर जलाभिषेक करेंगे। जानकारी के अनुसार स्थानीय बस स्टैंड स्थित बटकेश्वर महादेव से सुबह 11 बजे कावड़ियों का जत्था भोलेनाथ का जयकारे के साथ पावन धाम जय जोगीमठ बाबा मंदिर के लिए रवाना होगा। कावड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा जोगीमठ पहुंच कर वहां पर विराजमान शिव मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया जायेगा, साथ ही महाप्रसादी का वितरण होगा।

### गायत्री शक्तिपीठ में कन्या कौशल शिविर कल

**डौडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 27 जुलाई को गायत्री शक्तिपीठ में एक दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में प्रशिक्षण देने के लिए युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ से प्रशिक्षित बहनों की टोली पहुंचेगी। जिनके द्वारा व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, तनाव प्रबंधन, नारी की समाज में भूमिका, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय, जीवन जीने की कला आदि महत्वपूर्ण विषयों पर कक्षाएं ली जाएगी। यह कक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 4 बजे तक चलेगी। आयोजक टीम द्वारा प्रशिक्षण में शामिल होने वाले सभी बहनों को निर्देशित किया गया है कि भारतीय वेशभूषा साड़ी या सलवार सूट में शामिल हो सकते हैं तथा निर्धारित समय से पूर्व पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम में 16 साल से ऊपर के उम्र वाले सभी बहनें शामिल हो सकती हैं।

### सोसायटियों में पहुंची डीएपी, वितरण शुरू



**जामगांव आर।** सोसायटियों में डीएपी अब पहुंचने लगी है। इस संबंध में कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि डीएपी की कीमत 1370 रु है, इससे अधिक बिक्री होने पर किसान इसकी लिखित सूचना विभाग को दे, जांच पश्चात कार्रवाई की जायेगी। जिला विपणन अधिकारी भौमिक बघेल ने बताया कि 4900 टन डीएपी खाद विक्रय हो चुका है, आवक के क्रम में सतत सप्लाई की जाती रहेगी। वैसे भी किसानों को सुपर और यूरिया का मिश्रण कर डीएपी की पूर्ति का रास्ता अपनाना चाहिए। सेवा सहकारी समिति जामगांव आर प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर ने बताया कि 4000 बोरी डीएपी खाद की मांग की गई थी। 1800 बोरी विक्रय हो चुकी है, 400 बोरी स्टॉक में है सोमवार से वितरण की योजना है। 1800 बोरी की डिमांड और है आते ही उसका भी वितरण किया जाएगा। चंद्राकर ने बताया 1650 किसानों में से 1400 किसानों को व्यवस्था अनुकूल अपूर्ण मात्र में खाद मिल चुकी है, आने पर और भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## विरोध : परिजनों और ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

# पुलिस कार्रवाई में नदी में कूदे युवक का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

जुआ फड़ में पुलिस की कार्रवाई के दौरान पुलिस से बचने तांदुला नदी में कुदे युवक का शव 24 घंटे बाद मिला। आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों और सामाजिक सदस्यों ने शव को नगर के धमतरी चौक में रखकर चक्काजाम किया।

बताया जा रहा है कि दुर्गेश सोनकर पिता हेमलाल सोनकर 31 वर्ष गुण्डरदेही निवासी गुरुवार को शाम लगभग चार बजे तांदुला नदी के पास कुछ व्यक्ति के साथ तास खेल रहा था, अचानक गुण्डरदेही पुलिस कार्रवाई करने आ धमकी, जहां कुछ लोग भाग गए। वहीं कुछ ने पुलिस से बचने नदी में छलांग लगा दी, जिसमें मृतक दुर्गेश सोनकर भी सम्मिलित था। मृतक दुर्गेश सोनकर के अतिरिक्त बाकी लोग तैरकर बाहर निकल गए, मगर मृतक दुर्गेश सोनकर नहीं तैर पाया और वहीं गड्ढे में डुब गया। जिसकी लाश गोताखोर ने शुक्रवार को 24 घंटे में तीन बजे खोज कर शव को बाहर निकाला।

इधर आक्रोशित परिजन व नगरवासियों ने मृतक के शव को धमतरी चौक में रखकर चक्काजाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व



**मुआवजा और मृतक के परिवार को नौकरी देने की मांग पर अड़े**

मृतक के परिजन को मुआवजा राशि की मांग की। जुआं स्थल पर कार्रवाई करने गए पुलिस कर्मियों की कार्यशैली को देखते हुए जांच कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने व मृतक के परिजन को नौकरी देने की मांग की गई। लगभग दो घंटे शव को रखकर मेन रोड धमतरी चौक में बारिश में छाता व रेनकोट लगाकर चक्काजाम किया। जहां धमतरी दुर्ग बालोद व राजनांदगांव की ओर जाने वाली सभी बस ट्रक मालवाहक गाड़ी व मोटर सायकिल चालक फंसे रहे।

इधर प्रशासन की ओर से गुण्डरदेही एसडीएम प्रतिमा ठाकरे तहसील कोमल ध्रुव, एडिशन एसपी मोनिका सिंह, गुण्डरदेही एसडीओपी बांगड़े, टीआई, सीएमओ व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू सहित पुलिस के आला अधिकारी धरना स्थल पहुंचकर चक्काजाम कर रहे परिजन व नगरवासियों को मनाने का प्रयास करते रहे। इधर गुण्डरदेही एसडीएम व तहसीलदार ने शासन की ओर से मिलने वाली चार लाख की मुआवजा राशि तत्काल दिलवाने का आश्वासन दिया। वहीं जुआ स्थल पर कार्रवाई करने गए पुलिस कर्मियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। इधर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन व सीएमओ ने नगर पंचायत की ओर से एक लाख रुपए का मुआवजा व मृतक के एक परिजन को नगर पंचायत में कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट कर्मचारी रखने का भरोसा दिलाया। तब आंदोलन समाप्त हुआ। इधर देर रात होने के बाद पुलिस ने शव को मरचुरी में रखवाया है। जहां उनका पोस्टमार्टम शनिवार को सुबह कर शव परिजन को सौंपा जाएगा।

# सरकार की जनहित योजनाओं में बैंकों का है महत्वपूर्ण योगदान

**कॉलेज में मेरा युवा भारत थीम पर हुआ कार्यक्रम, 2047 तक विकसित भारत पर दिया व्याख्यान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/अर्जुन्दा

मेरा युवा भारत थीम पर कार्यक्रम का आयोजन शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में किया गया। जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चन्द्राकार के मुख्य अतिथ्य में व डॉ. सोमाली गुप्ता प्राचार्य की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि नेहरू युवा केन्द्र संभाग दुर्ग के नीतिश शर्मा, जिला संगठक बालोद रासेयो डॉ. लीना साहू, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू थे।




शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश साहू, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा सुरेगांव अंकुल देशमुख द्वारा माय भारत के तहत विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें आयुष्मान योजना मुद्रालोन योजना डॉ. साहू, एजुकेशनल लोन व अन्य योजनाओं पर छात्रें से चर्चा की गई। साथ ही बैंक मैनेजर देशमुख बैंक लोन व विभिन्न योजनाएं केन्द्र सरकार की जनहित योजनाओं पर युवाओं की सहभागिता व बैंक के दायित्व अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि चंद्राकर ने युवाओं को जनहित योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तकनीकी रूप से व जागरूकता अभियान के माध्यम से सहभागी बने प्रेरित किया। नीतिन शर्मा युवा अधिकारी ने माय भारत के उद्देश्य व युवाओं की सहभागिता पर चर्चा की। जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ लीना साहू से जुड़ने माय भारत कार्यक्रम व्यास पूजा की महत्ता व रासेयो के सभी कार्यक्रम, गतिविधियों पर युवाओं की स्वयंसेवक के रूप में सहभागिता पर पर विशेष चर्चा की।

मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू ने युवाओं से आव्हान किया की 2047 के विकसित भारत के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की सभी जनहित योजनाओं को कुशलतम तरीके से जन–जन तक कैसे पहुंचाए व युवाओ को आप सभी कैसे जोड़े व देशहित में हर व्यक्ति हर घर तक कैसे जागरूकता लाये। इस पर विस्तार से युवाओं से चर्चा की अवसर पर छात्र, छात्राएं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रासेयो संजय शुक्ला द्वारा किया गया। किशोर कुमार टंडन कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, डिगेन्द्र साहू कार्यक्रम अधिकारी रासेयो व सीनियर स्वंयसेवक उपस्थित थे।

# अभावि परिषद ने ठेकवाडीह में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बालोद इकाई गुरुर ने हरेली तिहार पर ग्राम ठेकवाडीह में पौधारोपण किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।




कार्यक्रम में नीम, बरगद आदि के पौधे लगाए गए।

ग्रामीणों ने हरेली तिहार के महत्व को बताते हुए कहा कि हरेली केवल कृषि पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, पर्यावरण और जीवन रक्षा का भी पर्व है। पौधारोपण के माध्यम से हम पर्यावरण को संतुलित रखते हुए आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और हरियाली प्रदान कर सकते हैं। पौधारोपण पश्चात संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी, ताकि वे सुरक्षित रूप से वृक्ष बन सकें। इस अवसर पर चैतन्य कुमार, जगमोहन साहू, रोशन साहू, उमेश कुमार, दीपेश, विश्वजीत, गुलशन, रूपेंद्र, कुलदीप, चंदन उपस्थित थे।




### गृह निर्माण मंडल ने लगाए पौधे

**बालोद।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के अधिकारी–कर्मचारियों ने अटल विहार गुरूर और सिवनी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के निर्माणाधीन अटल विहार गुरूर और अटल विहार सिवनी में बड़ी संख्या में फल एवं छायादायी पौधों का रोपण किया गया तथा उसके देखरेख व संरक्षण हेतु शपथ ली गई।

# हरेली पर हुआ प्रतिभा सम्मान पौधारोपण भी किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ डौण्डीलोहारा

वनांचल के ग्राम फिरतूटोला में इस वर्ष भी हरेली त्यौहार पर शिक्षा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं हरियाली के अवसर पर पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया एवं पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का आग्रह किया गया। कक्षा पांचवी से 12वीं तक के कक्षा में प्रथम, द्वितीय आने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं पेन कॉपी देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद खेलकूद फुगड़ी, खो-खो, कबड्डी, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. बुसरा परवीन, अध्यक्षता फरियाद हुसैन अंसारी ग्राम पटेल, सीएल आर्य, आर यादव, एमएल साहू, जीआर कोमरे, जयप्रकाश जमडार, गोविंद चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि, राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य, गोमती नायक सरपंच, हेमकुमार रावटे, तुकाराम कोर्राम, दराज खान, महेंद्र नायक, विष्णु कोठारी, प्रदीप साहू, अंसारी जी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित हुए।



### हरेली पर हायर सेकंडरी में हुई रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता

**डौंडीलोहारा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में हरेली पर्व पर इको क्लब द्वारा रंगोली व चित्रकला का आयोजन किया गया। इको क्लब प्रभारी डोंगरमल रामटेके ने बताया कि यह त्यौहार वर्षा ऋतु (मानसून) के आगमन का प्रतीक है। वे अच्छी फसल और समृद्धि की प्रार्थना करते हैं। हरेला का अर्थ है हरियाली का दिन, और इस क्षेत्र के कृषि-आधारित समुदाय इसे अत्यंत शुभ मानते हैं, क्योंकि यह उनके खेतों में बुवाई चक्र की शुरुआत का प्रतीक है। इस रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं की छात्राओं गिरिजा, पूनम विश्वकर्मा, वंदना, कामिनी, संध्या आदि ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में पूर्णिमा, खुशी, पूर्वी, डीकेश्वरी, महेंद्र साहू, युवराज ने भाग लिया। इस अवसर पर व्याख्याता मीनाक्षी आर्य, आलोक विश्वकर्मा, शिवेन्द्र बहादुर साहू, रीमा सोरी, नंदिनी जोशी, उमाशंकर कृषाण, सुधीर कुमार, लालिमा रात्रे, धर्मिता देहारी, संगीता सुधाकर आदि उपस्थित थे।

# संतोष सेन समाज के निर्विरोध चुने गए जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले में सेन समाज द्वारा सर्वसम्मति से पाररास बालोद निवासी नगर पालिका बालोद के पूर्व पार्षद संतोष कौशिक को निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया। ग्रामीण क्षेत्रों में पौनी पसारी में सेवा दे रहे सेन भाइयों की आर्थिक स्तिथि सुदृढ़ करने, साथ ही समाज से रूढ़िवादी परम्पराओं समाप्त करने सहित अनेक सामाजिक सुधार के क्षेत्र में संतोष कौशिक की महती भूमिका रही। संतोष कौशिक का समाज को संगठित एवं एकजुटता करने में बहुमूल्य योगदान रहा है, जिसका प्रतिफल आज समाज को मिल रहा है।



समाज के लिए भवन निर्माण, जयंती कार्यक्रम, केश शिल्प प्रशिक्षण, आदर्श विवाह, विधुर विधवा विवाह, युवक युवती परिचय सम्मेलन जैसे विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के कारण पूरे राज्य में इनका नाम जाना पहचाना जाता है। जिले के प्रबंधकारिणी में संरक्षक जगन कौशिक, उपाध्यक्ष लोकेश कौशिक, सचिव रामकुमार सेन, सह सचिव धनीराम सेन, कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास, महासचिव लोचन सेन, संगठन मंत्री संतोष सेन, कार्यकारिणी सदस्य टूमन सेन, बिसेलाल सेन, कुमार सेन, विजय सेन, ओमप्रकाश सेन, छोटू राम कौशिक, भीषम सेन डोमार कौशिक को बनाया गया।





### निबंध प्रतियोगिता में भावना प्रथम व हिमांशु द्वितीय

**अंडा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में टाटा बिल्डिंग इंडिया स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता भारत की सबसे प्रतिष्ठित निबंध प्रतियोगिता है। हर साल देश भर के 400 से अधिक शहरों के स्कूलों में आयोजित की जाती है। यह युवाओं को प्रेरित करने और राष्ट्र निर्माण की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टाटा समूह द्वारा आयोजित की जाती है। इसमें 30 विद्यार्थी शामिल हुए। निबंध प्रतियोगिता का परिणाम इसी दिन जारी किया गया, जिससे प्रथम भावना निर्मलकर, द्वितीय हिमांशु पटेल, तृतीय भेनु देवांगन रहे। सभी विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किए गए। भातेंद्र गंगराले, सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख, देवश्री साहू, शैलेंद्र साहू, पूर्णिमा कोसले, मालती साहू, ममता तिवारी, उषा ठाकुर, लीला जोशी, मीनाक्षी नेताम, गुलशन चंद्राकार और तरुण साहू, देवाशिष पिपरिया एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री से मिला धोबी समाज, लॉन्ड्री टेंडर में टर्नओवर मांगें जाने की शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सिम्स बिलासपुर के चिकित्सालय में लॉन्ड्री निविदा में करोड़ों का टर्नओवर मांगे जाने की शिकायत धोबी समाज के सदस्यों ने की।

रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी के निर्देशन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को बताया जिन लोगों ने इस प्रकार से टर्नओवर मांगा है, इन्हें लॉन्ड्री का कार्य करने वाले पैतृक व्यवसायिक धोबी नहीं चाहिए, बल्कि इन्हें व्यापारी चाहिए, स्वास्थ्य मंत्री ने जमकर नाराजगी जाहिर की और अपने अधीनस्थ अधिकारियों से कहा अगर पैतृक व्यवसाय करने वालों के पास करोड़ों का टर्नओवर होता तो लॉन्ड्री का काम ही क्यों करते। उन्होंने अपने निकटतम अधिकारियों से कहा तत्काल



रिपोर्ट मंगवाई। जिन लोगों ने इस प्रकार से विवादास्पद टेंडर निकलवाया है सभी को रद्द करें। धोबी समाज टेंडर ले सके इस प्रकार की निविदा हो। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, महामंत्री हेमंत निर्मलकर, दीपक म्हस्के, नेता लख नारायण तिवारी, द्वारिकेश पांडे, वरुण निर्मलकर, रोशन निर्मलकर, रामायण रजक आदि मौजूद थे।

## निधन



### लक्ष्मी बाई

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम रिसामा निवासी लक्ष्मी बाई पांडे 75 वर्षीय का 25 जुलाई को सुबह निधन हो गया। वे प्रशांत पांडे (मुन्ना) एवं पंकज पांडे की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## तेज होगी कार्य की गति, आम जनता को मिलेगी सुविधा

# स्वास्थ विभाग को मिले नए वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिला स्वास्थ्य विभाग को प्रदेश सरकार ने चार नई गाड़ियां दी है, जिससे अब स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को जर्जर गाड़ियों से छुटकारा मिलेगा। सभी गाड़ियों की भाजपा नेताओं और विभागीय अधिकारियों ने विधिवत पूजा अर्चना की।

दरअसल जब बालोद जिला बना है उसके बाद वर्ष 2012 में स्वास्थ्य विभाग के लिए प्रदेश सरकार ने गाड़ी दी थी, 13 साल से लगातार उसी गाड़ी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे गाड़ी जर्जर हो चुकी है। कई बार जर्जर गाड़ी के संबंध में विभाग द्वारा उच्चाधिकारियों को जानकारी भेजी गई थी। जिसके बाद



प्रदेश सरकार ने पूरे प्रदेशभर के सभी जिलों के लिए नई गाड़ी खरीदी और सभी जिलों में भेज दिया गया है। सभी गाड़ियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाकर सभी जिलों के लिए रवाना किया।

बालोद जिला स्वास्थ्य विभाग में चोरों नई गाड़ियों के पहुंचने के बाद उन गाड़ियों का उद्घाटन और पूजा अर्चना करने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग पहुंचे। जहां नई गाड़ियों की विधिवत पूजा अर्चना की गई और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएल उइके को चाबी सौंपी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, पूर्व राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग सदस्य यशवंत जैन, लेखराम साहू, पवन साहू, केसी पवार, अभिषेक शुक्ला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, पार्षद दीपक लोढ़ा, विनोद कौशिक, नितेश वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएल उईके, सिविल सर्जन आरके श्रीमाली, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, केसी गायकवाड, युगल साहू, सुरेन्द्र सोनकर, लोकेंद्र नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

